## खबर संक्षेप

### क्रूरता से ले जाए जा रहे 37 भैंस और पड़े जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** जिले की नागौद पुलिस को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रक UP12 CT6923 से क्रूरतापूर्वक लादे गए 37 नग भैंस,पडवे और पडिया जब्त किए हैं। जब्त किए गए पशुओं की कीमत करीब 8 लाख रुपये और ट्रक सहित कुल 15 लाख से अधिक है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश पर,थाना प्रभारी निरी.अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। टीम ने सिंहपुर चौराहा के पास नाकाबंदी कर ट्रक को रोका। ट्रक चालक और तीन अन्य व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे,जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान एहसान अब्बासी,मोहम्मद तौहीद दोनों मुजफ्फरनगर,उ.प्र.निवासी,सईम खान,और नफीस खान दोनों कटनी,म.प्र.निवासी के रूप में हुई है। ये सभी भैंसों को अवैध रूप से उचेहरा से नरैनी,बांदा (उ.प्र.) की ओर ले जा रहे थे।आरोपियों के खिलाफ धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम और म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### बुरहानपुर कलेक्टर के विरुद्ध सरकारी वकील लामबंद

**सतना।** बुरहानपुर कलेक्टर द्वारा जीपी/एजीपी के साथ अमर्यादित व्यवहार के विरोध में मध्यप्रदेश शासकीय अधिवक्ता (जीपी/एजीपी) संघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा 3नवम्बर 25को राजधानी भोपाल में सक्षम उच्च अधिकारियों से मुलाक़ात कर कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के प्रदेश महा सचिव एवं सतना जिला के लोक अभियोजक/शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा ने बताया यह ज्ञापन जिला बुरहानपुर के कलेक्टर डॉ.एच.एस. सिंह द्वारा शासकीय अधिवक्ता श्यामकुमार देशमुख (लोक अभियोजक) एवं अन्य एजीपीगण के साथ मीटिंग के दौरान किए गए अमर्यादित,अपमानजनक एवं असंवैधानिक व्यवहार के विरोध में सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार न केवल एक संवैधानिक पद पर आसीन की मर्यादा के प्रतिकूल है,बल्कि यह राज्य शासन के विधितंत्र एवं अभियोजन संस्था की गरिमा पर सीधा प्रहार है।

### गुरुनानक देव जी महाराज के 556वां प्रकाश पर्व

**सतना।** रेडिमेड वस्त्र व्यापारी संघ द्वारा आज श्री गुरुनानक देव महाराज की नगर कीर्तन शोभायात्रा का स्वागत चौक बाजार में गुरू ग्रन्थ साहब पर मत्था टेक अरदास के साथ पुष्पवर्षा कर किया। इस पुनीत सेवाकार्य में संस्था के अध्यक्ष रवि मीरानी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल जव्हरानी,महामंत्री सचिन जैन मंटू,कोषाध्यक्ष गोविंद छाबड़िया,वरिष्ठ सहमन्त्री शुभनय जैन कनिष्ठ सहमंत्री रामचंद्र गजनानी, वरिष्ठ सदस्य आनन्द जैन सहित काफी संख्या में दस्यगण शामिल हुये।

### अवैध नशीली दवाओं का जखीरा जब्त, सिटी कोतवाली पुलिस ने तस्कर को दबोचा

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत बड़ी कार्रवाई की है। रीवा जोन रीवा के पुलिस महानिरीक्षक के आदेशानुसार,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेश सिंह बघेल के दिशा-निर्देशन और नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध नशीली गोलियों (कैप्सूल) का व्यापार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक सक्सेना उर्फ दीपू नामक व्यक्ति कम्पनी बाग की तरफ से आ रहा है और उसके पास बिक्री के लिए नशीली गोलियां/कैप्सूल हैं।सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।उनके दिशा-निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम दो स्वतंत्र साक्षियों के साथ कम्पनी बाग के पास पहुंची। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार, एक व्यक्ति मोटर साइकिल के पास हाथ में एक झोला लिए खड़ा मिला।पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भागने लगा,जिसे पुलिस टीम ने धर दबोचा।आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी पकड़े गए संदेही ने अपना नाम दीपक उर्फ दीपू सक्सेना पुत्र स्व.राजेन्द्र प्रसाद सक्सेना,उम्र 45 वर्ष,निवासी आनंद नगर, शुक्लागंज,थाना गंगाघाट, जिला उन्नाव (उ.प्र.) बताया।

# सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का सतना आगमन, 55 वर्ष बाद पहुंचे अपने पुराने विद्यालय, कहा- निर्णय लेने की क्षमता यहीं से सीखी



सतना।

**भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शनिवार को अपने बचपन के विद्यालय सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे। 55 वर्ष बाद विद्यालय लौटे जनरल द्विवेदी का छात्रों,शिक्षकों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।**

गौरतलब है कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने इसी विद्यालय में चौथी कक्षा की शिक्षा प्राप्त की थी। अपने पुराने स्कूल में पहुंचकर वे भावुक हो उठे। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा,निर्णय लेने की क्षमता मैंने चौथी कक्षा में इसी विद्यालय में सीखी थी,यही क्षमता ऑपरेशन सिंदूर में निर्णायक सफलता दिलाने में काम आई। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए बताया कि यह ऐसा अभियान था जिसने पूरे देश को एक सूत्र में बाँध दिया। उन्होंने कहा, इस अभियान में सिद्धांत और तकनीक का संयोजन किया गया था, इसी कारण यह मिशन सफल हुआ। छात्रों को प्रेरित करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि सफलता की नींव विद्यार्थी जीवन में ही रखी जाती है। उन्होंने कहा,जो विद्यार्थी आज परिश्रम करता है,वही कल सफलता की ऊँचाइयाँ छूता है। सतना ओर देश को संदेश देते हुए थल सेना प्रमुख ने कहा कि आप चाहे वर्दी में हों या सिविल ड्रेस में,राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र निर्माण में निरंतर लगे रहिए। यह देश हमारा है,और जब हम सब मिलकर काम करेंगे तभी 2047 के विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएँ,पूर्व छात्र और वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। छात्रों ने तालियों और देश भक्ति गीतों के माध्यम से सेना प्रमुख का स्वागत किया और विद्यालय परिसर भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

## मैहर जिले में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

# विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने किया ध्वजारोहण



सतना।

जिले में 70 वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर को जिला मुख्यालय के अलाउद्दीन खां स्टेडियम में बडे ही धूमधाम से मनाया गया। जिला स्तरीय स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया।उन्होंने मैहर जिले के नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए मध्यप्रदेश के सर्वागीण विकास में योगदान की शपथ दिलाई। सामूहिक मध्यप्रदेश गान के पश्चात विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने शांति के प्रतीत रंगीन गुब्बारे मुक्त आकाश में विचरण के लिए छोडे और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,लोकतंत्र सेनानी तथा देहदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया। शहर के विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण और मध्यप्रदेश के गौरव पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।नेहरू सेंचुरी मैहर की छात्राओं ने हे शारदे मां अज्ञानता से हमें तार दे मां वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद महाकाल विद्यालय द्वारा कठ पुतली नृत्य,विवेकानंद स्कूल की छात्राओं द्वारा सभी त्यौहारों पर आधारित नृत्य,संदीपनी विद्यालय मैहर की छात्राओं द्वारा कमरी लोक नृत्य तथा नीलकंठ विद्यालय मैहर की छात्राओं द्वारा बधाई नृत्य, मिनी लैण्ड की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत पर नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। सरस्वती विद्यालय मैहर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मध्यप्रदेश गान और वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्थापना दिवस के कार्यक्रम स्थल पर जिले के उत्कृष्ट कार्यो में संबद्ध गौरव चरित्रों पर एकाग्र जिला उत्पादों का प्रदर्शन एवं स्व सहायता समूहों की उत्पादित एवं निर्मित वस्तुओं के क्रय-विक्रय तथा स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल विकास,उद्योग विभाग,कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,विधायक अमरपाटन राजेन्द्र कुमार सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिला पंचायत वन समिति के अध्यक्ष हरीशकांत त्रिपाठी,तारा विजय पटेल जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,अपर कलेक्टर संजना जैन,एसडीएम दिव्या पटेल,एडिशनल एसपी चंचल नागर,सीएसपी महेन्द्र सिंह,प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला विकास राजेन्द्र बांगरे,तहसीलदार जितेन्द्र पटेल सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं शासकीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सतना में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया प्रदेश का 70वां स्थापना दिवस

# राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने किया ध्वजारोहण







सतना।

सतना जिले में मध्यप्रदेश की स्थापना का 70वां स्थापना दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने सतना जिले के नागरिकों सहित प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए मध्यप्रदेश के सर्वागीण विकास के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान करने की शपथ भी दिलाई। सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,लोकतंत्र सेनानी और अंगदान,देहदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देश भक्ति और मध्य प्रदेश के गौरव को रेखांकित करते हुए नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियों पर आदित्य इंग्लिस हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रेमनगर को प्रथम,शासकीय हाईस्कूल गली नं. 5 धवारी को द्वितीय और नालंदा उ. मा. विद्यालय सतना को तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश गान और छात्र-छात्राओं के पुरूस्कार वितरण के पश्चात वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। स्थापना दिवस के कार्यक्रम स्थल पर जिले में उत्कृष्ट कार्यो से संबद्ध गौरव चरित्रों पर एकाग्र,जिला उत्पादों का प्रदर्शन एवं स्व सहायता समूहों एवं कुटीरउद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादित वस्तुओं के क्रय-विक्रय के लिए प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश ताम्रकार, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह सहित सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और एक जिला एक उत्पाद के तहत उचेहरा के कांसा बर्तन उद्योग के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,स्पीकर नगर राजेश चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह,अपर कलेक्टर विकास सिंह,डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा,पूर्व विधायक ऊषा चौधरी,पूर्व महापौर विमला पाण्डेय,ममता पाण्डेय, पूर्व स्पीकर नगर निगम सुधीर सिंह तोमर,चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,बालेन्द्र गौतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# एकेएस विश्वविद्यालय और योमा बिजनेस सॉल्यूशन्स के बीच रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए साझेदारी समझौता



सतना।

एकेएस विश्वविद्यालय,सतना और योमा बिजनेस सॉल्यूशन्स प्रा.लि.,ए बाइलो ग्रुप कंपनी के बीच रोजगार एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को देशभर में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देकर रोजगारोन्मुख बनाना है।इस साझेदारी के तहत एकेएस विश्वविद्यालय अपने योग्य विद्यार्थियों की सूची योमा बिजनेस सॉल्यूशन्स को उपलब्ध कराएगा,ताकि उन्हें देशभर में विभिन्न नियोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके। विश्वविद्यालय और कंपनी मिलकर कैंपस भर्ती अभियानों का आयोजन करेंगे, जिसमें योमा विश्वविद्यालय का प्राथमिक साझेदार रहेगा। विद्यार्थियों की क्षमता और रोजगार योग्यता बढ़ाने के लिए दोनों संस्थान संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे। साथ ही,विद्यार्थियों की भौगोलिक तैनाती को प्रभावी बनाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग और योमा मिलकर तैनाती रणनीति तैयार करेंगे। समझौते पर एकेएस विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिकुलपति डॉ.हर्षवर्धन ने हस्ताक्षर किए,जबकि योमा बिजनेस सॉल्यूशन्स प्रा.लि.की ओर से पुनीत जांगड़ा ने दस्तखत किए। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा और मनोज सिंह परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सड़क हादसे में दो पुलिसकर्मी घायल




सतना।

शनिवार को एक सड़क हादसे में नागौद थाने में पदस्थ दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई रविशंकर शुक्ला और प्रधान आरक्षक संजय मिश्रा निजी वाहन से सतना से नागौद की ओर जा रहे थे। रास्ते में सोहावल थाना क्षेत्र के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराया। टक्कर से वाहन बुरी तरह छतिग्रस्त हुआ और दोनों पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को वाहन से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल सतना भेजा गया। दोनों पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है,जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नागौद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार वाहन के अनियंत्रित होने या सड़क पर अचानक मोड़ आने से यह हादसा हुआ हो सकता है। फिलहाल दोनो पुलिस कर्मी का इलाज जारी है।

# आज गणना पत्रक प्राप्त करें

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट,रैगांव,नागौद, सतना एवं रामपुर बघेलान समस्त तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसील मझगवां,बिरसिंहपुर,कोठी,नागौद,रघुराजनगर,उचेहरा,रामपुर बघेलान तथा कोटर को निर्देशित किया गया है कि बेण्डर द्वारा अधिकृत अंकुर अग्रवाल मो. 7974630448 से संपर्क स्थापित कर 2 नवम्बर तक गणना पत्रक प्राप्त करे। 3 नवम्बर को समस्त बीएलओ को वितरण कर बीएलओ को पाबंद करें कि वे अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को 8 नवम्बर 2025 तक गणना पत्रक वितरण का कार्य अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

खबर संक्षेप

## महिला सशक्तिकरण संकल्प के साथ वैष्णव माता महाविद्यालय में मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस



**पन्ना।** वैष्णव माता महाविद्यालय पन्ना में मध्य प्रदेश का 70वां स्थापना दिवस हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के सभागार में एक महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को मध्य प्रदेश गान भी सुनाया गया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक गरिमा जैन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के संबोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन 01 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन हुआ था। मध्य प्रदेश केवल मानचित्र पर मध्य में स्थित होने के कारण ही नहीं बल्कि अपने स्नेह, संस्कृति और सोहार्द से हर ह्रदय को जोडने की क्षमता रखता है। उन्होंने इस स्थापना दिवस के साथ महिला सशक्तिकरण भी कार्यक्रम आयाजित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और स्वावलंबन को बढावा देने हेतु अनेक योजनायें चलाई हैं। उन्होंने कहा कि यत्र नारी पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता। नारी शक्ति केवल जीवन जन्म नहीं देती बल्कि राष्ट्र निर्माण भी करती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अविनाश पाण्डेय, सहायक प्राध्यापकगण राजकुमार सेन, मनोज गौर, अतुल पाण्डेय, अमित पाण्डेय, बृजकिशोर त्रिपाठी, भरत सिंह सिंगरौल, नरेन्द्र अहिरवार, महेन्द्र सिंह, अभिषेक, पंकज पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, शिवम पाठक, गरिमा जैन, श्रद्धा सिंह, श्रीमती नितिका डनायक, शिभा सिंह सोलंकी, साधना साहू,, नेहा सेन, सरिता अग्रवाल, मानसी ताम्रकार, रिचा तिवारी, गजेन्द्र, महेश, सविता, रेखा, उपस्थित रहीं।

## अजयगढ़ से गुनौर तक सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर कुर्मी क्षत्रिय समाज की ऐतिहासिक रैली

**अजयगढ़।** कुर्मी क्षत्रिय समाज इकाई अजयगढ़ के तत्वावधान मेंदिनांक 31 दिसंबर 2025 को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती बड़े ही धूमधाम, सम्मान और एकता के संदेश के साथ मनाई गई। सुबह 7:00 बजे थाना प्रांगण अजयगढ़ में समाज की ओर से "एकता दौड़ प्रतियोगिता" का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत माधवगंज चौराहा अजयगढ़ से विशाल रैली का आयोजन किया गया।रैली प्रारंभ से पूर्व समाजजनों ने सरदार वल्लभभाई पटेल, साहू जी महाराज और छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा अर्पित की।चारों ओर "जय सरदार जय संविधान" के जोशीले नारे गूंज उठे, जिसने वातावरण को एकता और भाईचारे के रंग में रंग दिया।रैली के पश्चात 30 गाड़ियों का प्रभावशाली काफिला लेकर कुर्मी समाजजनों का दल अजयगढ़ से गुनौर के लिए रवाना हुआ।मार्ग में पन्ना डाकघर चौराहे पर स्थानीय नागरिकों ने रैली का हार्दिक स्वागत किया।अजयगढ़ चौराहे एवं गांधी चौक पर नगरवासियों ने पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर कुर्मी समाज की एकता रैली का भव्य स्वागत किया।गुनौर पहुंचने पर "सरदार सेना अजयगढ़" का समाजजनों द्वारा शानदार सम्मान किया गया।उन्हें पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया, जयघोषों से वातावरण गूंज उठा और पूरे नगर में एकता, समरसता और गर्व की भावना का दृश्य देखने लायक था।

### छोलाछाप डॉक्टर के ईलाज से हुई थी महिला की मौत, आरोपी रायपुर (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार

# पन्ना पुलिस ने छोलाछाप डॉक्टर को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पन्ना पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए एक ऐसे छोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है, जिसके ईलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी। आरोपी को पुलिस टीम ने रायपुर (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार किया है।दिनांक 24.08.2025 को जिला चिकित्सालय पन्ना से सूचना प्राप्त हुई थी कि महिला श्यामबाई यादव को मृत अवस्था में लाया गया है। मृतका के परिजन भरतलाल यादव पिता दरबारी यादव निवासी हिनौता थाना कोतवाली पन्ना द्वारा उसकी मृत्यु को संदिग्ध बताया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली में मर्ग क्रमांक 74/25 धारा 194 ठछै पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई।जांच के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतका श्यामबाई को सर्दी-बुखार होने पर उसका इलाज तथाकथित डॉक्टर फकरूद्दीन अली अहमद खान उर्फ डब्बू पिता मजीद अहमद निवासी किशुनगढ़ जिला छतरपुर (हाल निवासी हिनौता, पन्ना) द्वारा किया गया था। आरोपी ने बिना किसी वैध डिग्री या अनुमति के इंजेक्शन व दवाइयाँ देकर इलाज किया, जिससे महिला की तबीयत बिगड़ गई और उसे मुँह से खून आने लगा। परिजन तत्काल उसे



एनएमडीसी अस्पताल मझगवां लेकर पहुँचे, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया। चिकित्सकों ने जाँच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट, उपचार रिकॉर्ड और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह प्रमाणित हुआ कि आरोपी बिना वैध पंजीकरण और अनुमति के अवैध रूप से उपचार कार्य कर रहा था। इसके पश्चात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 782/25 धारा 24 आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987, धारा 8(1) मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा नियंत्रण अधिनियम 1973 एवं धारा 105 ठछै के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री मति निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी की तलाश की गई, जो घटना के बाद से फरार था।लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने आरोपी को भिलाही, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। आरोपी के कब्जे से उसका फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, ऐलोपैथिक दवाएँ, सिरिंज, मलहम, पट्टियाँ एवं ट्यूब आदि (कुल कीमत 460) जप्त की गईं। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने मृतका को लगाई गई दवाइयाँ एवं इंजेक्शन नष्ट कर दिए।

**जप्त सामग्री-**

फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, ऐलोपैथिक दवाइयाँ, सिरिंज, मलहम, पट्टी, ट्यूब दृ कुल कीमत 460

**आरोपी का विवरण-**

फकरूद्दीन अली अहमद खान उर्फ डब्बू पिता मजीद अहमद, उम्र 44 वर्ष, निवासी किशुनगढ़ जिला छतरपुर, हाल फार्मासिस्ट डॉक्टर हिनौता, थाना कोतवाली पन्ना।

**कार्यवाही में प्रमुख भूमिका-**

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक राममोहन सिंह, प्रधान आरक्षक शिवस्वरूप तिवारी, आरक्षक खेमचंद्र राय, इंदर सिंह एंव सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 42 वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा के बाद शिक्षक देवेंद्र श्रीवास्तव सेवानिवृत्त



**देवेंद्रनगर।** ग्राम मुटवाकला के शा स की य विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक श्री देवेंद्र श्रीवास्तव का आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति समारोह भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।श्री श्रीवास्तव, जो देवेंद्रनगर निवासी एवं स्वर्गीय कमल किशोर श्रीवास्तव के बड़े पुत्र हैं, ने अपने 42 वर्षों के शिक्षण जीवन में न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान किया बल्कि उन्हें जीवन मूल्यों से भी जोड़ने का कार्य किया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर अपने भावनात्मक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय संसार का सबसे श्रेष्ठ, संतोष और अनुभूति देने वाला स्थान है। अन्य सभी सेवाओं में शिक्षा ही ऐसी है जो सच्चा सम्मान और आंतरिक सुख प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात वे परिवारिक जिम्मेदारियों के साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपना समय समर्पित करेंगे।समारोह में सहकर्मियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उनके दीर्घायु, स्वस्थ और सक्रिय जीवन की मंगलकामनाएँ दीं।



## नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस

**अमानगंज।** नगर के सभी लगभग सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में एक नवम्बर शनिवार को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भाषण एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालय प्राचार्यों ने विद्यार्थियों को राज्य के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में राष्ट्रगान मध्य प्रदेशगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया व किताबों से दोस्ती कर हम कुछ भी पा सकते है : थाना प्रभारी

### विद्यादान कोचिंग का शुभारंभ अजयगढ़ एसडीओपी द्वारा पूजन-अर्चन के साथ किया शुभारंभ

**अजयगढ़**-अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह के द्वारा अपने सभी कार्यकालो मे बच्चों व समाज को शिक्षित करने की पहल के लिए जाने जाते है। इसी पहल के तहत आज अजयगढ़ मे भी बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से सामुदाईक पोलिसंग/पुलिस मित्र/ऊर्जा डेस्क अनर्गत विद्यादान कोचिंग संस्थान सहित विद्यादान पुस्तकालय का शुभारम्भ कार्यक्रम एसडीओ पी राजीव सिंह भदौरिया व नायब तहसीलदार डी आर बौद्ध के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ विद्या की देवी माँ सरस्वती, भारत माता व डॉ राधाकृष्णन की प्रतिमा मे दीप प्रज्ववालन व पुष्प अर्पित कर किया गया।अपने सम्बोधन मे एसडीओ पी राजीव सिंह भदौरिया ने कहा की हमारे थाना प्रभारी हमेशा से ही गरीब, पिछड़े आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों को शिक्षित करने मे आगे है इसी के परिणाम स्वरुप इस संस्थान की सुरुवात की गई है।वही नायब तहसील दार डी आर बौद्ध ने कहा की आप सभी मे बहुत क्षमता है आप मे से कोई आगे जाकर हमारे सामान अधिकारी बन सकता है बस केवल आपको इसके लिए संकल्पित होना पड़ेगा।वही अपने सम्भोदन मे इसके संचालक थाना प्रभारी बखत सिंह ने कहा की शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है







जिससे हम कुछ भी पा सकते है यदि छात्र पुस्तकों से दोस्ती कर ले तो वो कुछ भी पा सकता है मै केवल इसका एक माध्यम मात्र हूँ।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से थाना प्रभारी बखत सिंह, डिजिटल कंप्यूटर के संचालक अर्जुन सिंह चंदेल, अनिल गुप्ता, जैन के साथ साथ बड़ी संख्या मे छात्र छात्राये सम्मलित रहे। कार्यक्रम बका सफल संचालन राजदीप सोनी ने किया।

# छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्रावास दिवस पर महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास का निरीक्षण






**पन्ना।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस के अवसर पर कलेक्टर पन्ना के निर्देशन में पन्ना जिले स्थित महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी एवं जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग अधिकारी श्री जय प्रताप भदौरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पियूषा शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।निरीक्षण के दौरान छात्रावास की अध्यक्षिका श्रीमती कृष्णा सोनी द्वारा छात्रावास की संपूर्ण व्यवस्था से संबंधित जानकारी दी गई। प्राचार्य एवं अधिकारियों द्वारा स्टाफ रूम, छात्राओं के निवास कक्ष, रसोई, स्वच्छता व्यवस्था तथा परिसर के खुले मैदान का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के पश्चात सभी अधिकारियों ने छात्रावास दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्राओं को शैक्षणिक अनुशासन के प्रति सजग रहने और महाविद्यालय में 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रमपूर्वक कार्य करते हुए समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संदेश भी दिया।इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्राओं ने प्राचार्य के मार्गदर्शन से उत्साहित होकर भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती कृष्णा सोनी द्वारा किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया मप्र स्थापना दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती



**देवेन्द्रनगर।** मध्यप्रदेश संस्कारों की जननी, चरित्र निर्माण की पाठशाला कृ सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर के सभागार में आज मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत जी ने मां वीणावादिनी के चित्र पर तिलक, दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया।इस अवसर पर विद्यालय की दीदी श्रीमती अनुप्रिया जैन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्भुत संगठन कौशल, दृढ़ इच्छाशक्ति और मातृभूमि के प्रति उनके योगदान को विस्तारपूर्वक वर्णित किया। उन्होंने भैया-बहनों को बताया कि किस प्रकार पटेल जी ने 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी।प्राचार्य पूरेन सिंह राजपूत जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरदार पटेल केवल भारत के लौह पुरुष ही नहीं, बल्कि वे एक सच्चे कर्मयोगी और राष्ट्र-एकता के प्रतीक थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी अपने जीवन में सत्य, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम को सर्वोपरि रखें तथा समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नारे एवं वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। विद्यालय परिसर में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के उद्घोष से गगन गूंज उठा।इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य, आचार्यगण, दीदियां तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रभाव, एकता, सेवा और संस्कारों के प्रति आस्था का संचार किया जो कि विद्या भारती और सरस्वती शिक्षा परिषद की युगों से चली आ रही गौरवशाली परंपरा की सच्ची झलक थी।

# शास मॉडल विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य बना हिटलर

**अतिथि शिक्षक ने प्रभारी प्राचार्य पर लगाए गंभीर आरोप**

**पवई।** पवई नगर का शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिसका नाम तीन वर्ष पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में गिना जाता था।यहां प्रवेश पाने के लिए दूर-दूर से विद्यार्थी पहुंचते थे। इतना ही नहीं प्रवेश पाने की जो सीटें हैं। वह भी कम पड़ जाती थी।, लेकिन अभिभावकों के बीच चर्चा है कि विगत दो वर्षों से शासकीय मॉडल विद्यालय संस्था के उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य जीतेंद्र सोनी की वजह से राजनीति और षडयंत्रों का अखाड़ा बना हुआ है।जहां आए दिन कोई न कोई कारनामा या शिकायत की घटना होती ही रहती है। जी हां ऐसा ही एक मामला शासकीय मॉडल विद्यालय का पुनः सामने आया है। जहां प्रभारी प्राचार्य के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए हिटलर शाही रवैया अपनाए हुए हैं। अतिथि शिक्षक ने आरोप लगाते हुए बताया कि विगत चार वर्षा से वह अतिथि शिक्षक वर्ग 2 अंग्रेजी के पद पर विद्यालय में पदस्थ था ,लेकिन इस वर्ष प्रभारी के द्वारा दोषपूर्ण भावना से उन्हें बिना सूचना दिए किसी दूसरे अतिथि शिक्षक की भर्ती कर ली गई,जब कि लोक शिक्षण संचालनालय का यह आदेश था, कि जो शिक्षक संस्था में पूर्व से कार्यरत हो,प्राथमिकता के आधार पर उसी को पद पर रखा जाए। जब दूसरे शिक्षक की प्रभारी द्वारा हिटलर शाही रवैया अपनाते हुए ज्वाइनिंग कर ली गई तो,उक्त अतिथि शिक्षक के द्वारा 181 सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई, जिसके संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पवई के माध्यम से जांच कराई गई,जांच प्रतिवेदन के अनुसार उच्च शिक्षक द्वारा गत वर्ष कार्यरत अतिथि शिक्षक उपेंद्र सिंह चौहान को प्राथमिकता के आधार पर ज्वाइनिंग नहीं कराया गया। पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक से बिना असहमति लिए एवं प्राथमिकता के आधार पर द्वितीय, तृतीय चरण में अतिथि शिक्षा का आमंत्रण का इंतजार न करके दोष पूर्ण भावना से नवीन अतिथि शिक्षक को ज्वाइन करा लिया,जो लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी निर्देशों के विपरीत है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के जांच के परिपेक्ष में तत्काल प्रभाव से गत वर्ष से कार्यरत अतिथि शिक्षक उपेंद्र सिंह चौहान को ज्वाइन कराने के लिए आदेश किया गया था। आदेश होने के बावजूद प्रभारी के द्वारा अभी तक अतिथि शिक्षक को ज्वाइन नहीं कराया गया ।जब इस संबंध में संस्था के प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने जिला से सलाह मशवरा करने की बात कही और लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया का हवाला दिया। चिंतन करने वाली बात तो यह है कि जब ज्वाइनिंग ऑनलाइन हुई है तो जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से ज्वॉइन कराने का आदेश कैसे कर दिया और अगर जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश किया है तो क्या प्रभारी अपने आप को जिला शिक्षा अधिकारी से ज्यादा मानते हैं। 16 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश जारी होने के बावजूद आज तक सलाह मशवरा नहीं हो पाया, इससे साबित होता है,प्रभारी प्राचार्य की मनसा क्या है। दर-दर भटक रहे अतिथि शिक्षक ने प्रभारी पर आरोप लगाते हुए मीडिया के समक्ष अपनी आप बीती सुनाई उन्होंने क्या कुछ कहा सुनते हैं।



खबर संक्षेप

### बिहार चुनाव की मिली जिम्मेदारी, अल्पसंख्यकों को रिझाएंगे राशिद राईन



**नौगांव।** इन दिनों देश में बिहार चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं, एक ओर जहां एनडीए तमाम मशीनरी के साथ भाजपा नेताओं को मैदान में उतारे हुए है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी भी किसी से पीछे नहीं है। इन दिनों कांग्रेस पार्टी भी अपने संगठनों को गति दे रही है और अपने नेताओं को बिहार चुनाव की जिम्मेदारी दे रही है। इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं नेता विपक्ष रायबरेली सांसद राहुल गांधी और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मध्य प्रदेश के अध्यक्ष शेख अलीम, अल्पसंख्यक मध्य प्रदेश के प्रभारी आबिद क़ाज़ी की अनुशंसा पर छतरपुर जिले के नौगांव शहर के कांग्रेस नेता राशिद राईन को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए बिहार चुनाव में बिहार शरीफ का प्रभारी नियुक्त किया है। नौगांव नगर के कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का आभार प्रकट करते हुए राशिद के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सरदार पटेल जयंती पर निकली बाइक रैली



**छतरपुर।** शनिवार को शहर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर बाइक रैली निकाली गई। सैकड़ों लोगों की भागीदारी वाली यह रैली चौपाटी से शुरू होकर सटई रोड पीतांबरा मंदिर के पास समाप्त हुई। राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही इस जयंती पर लौह पुरुष पटेल के योगदान को याद करते हुए युवाओं ने देशभक्ति का संदेश दिया। बाइक रैली में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, लखन पटेल, कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष नारायण दास पटेल, डॉ. घासीराम पटेल, रूद्र पटेल, महेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### 7 नवंबर से खजुराहो-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू

**खजुराहो।** पर्यटन नगरी खजुराहो से वाराणसी के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस 7 नवंबर से शुरू होगी। यह ट्रेन खजुराहो से सुबह 3:20 बजे रवाना होकर वाराणसी सुबह 11 बजे पहुंचेगी। खजुराहो से वाराणसी के साथ तीन अन्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी इसी दिन हरी झंडी दिखाई जाएगी। खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। वहीं विधायक अरविंद पटैरिया ने भी सांसद और रेल मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेन से क्षेत्र के विकास और पर्यटन को नई गति मिलेगी।

कई रिमाइंडरों के बावजूद भुगतान न होने के बाद 6 अक्टूबर को कुर्की का नोटिस जारी

# खजुराहो एयरपोर्ट की कुर्की के लिए सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने जारी किया नोटिस

**छतरपुर।** जिले कि नगर परिषद खजुराहो के सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने एयरपोर्ट ऍथार्टी खजुराहो के नाम एक नोटिस जारी कर संपत्ति कुर्की करने के निर्देश दिए है। क्योंकि एयरपोर्ट ऍथार्टी द्वारा 20 साल से नगर परिषद खजुराहो का टैक्स जमा नही किया गया। जिससे टैक्स की बकाया राशि करीब 45 लाख रूपए हो चुकी है। सीएमओ द्वारा जारी नोटिस से जहाँ खलबली मची हुई है बहीं सीएमओ बसंत चतुर्वेदी की जमकर तारीफ हो रही है यह नोटिस सीएमओ ने विशेष कार्याधिकारी भूमि प्रबंधन कृते निर्देशक विमान पत्तन खजुराहो विमानतल के नाम जारी किया गया है। नोटिस तामील भी करा दिया गया है टैक्स की कुल बकाया राशि 45 लाख 35 हजार 736 रूपए है और यह एयरपोर्ट बार्ड क्रमांक 15 के अंतर्गत आता है। 6 अक्टूबर 2025 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी ने अपने पत्र क्रमांक एफ (राजस्व) नगर परिषद 2025-26/1921खजुराहो दिनांक 06.10.2025 द्वारा जारी किया है। नोटिस में यह स्पष्ट निर्देश दिए




गए है कि सूचना की तामील दिनांक से 15 दिन के भीतर भुगतान नही किया जाता है तो बसूली के समस्त खर्च तथा ब्याज सहित उक्त रकम चल संपत्ति के अधिकरण तथा विक्रय द्वारा अथवा अचल संपत्ति की कुर्की तथा बिक्रय द्वारा की जावेगी। इस सबंध में जब खजुराहो नगर परिषद के सीएमओ बसंत चतुर्वेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि करीब 20 सालों से टैक्स जमा नही किया है। कई बार रिमाइंडरों के बावजूद भुगतान न होने के बाद 6 अक्टूबर को कुर्की का नोटिस जारी किया गया, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। नोटिस की तामीली के बाद भी प्रबंधन ने राशि जमा नहीं की, इसलिए मुख्य नगर अधिकारी ने राजनगर एसडीएम और थाना प्रभारी को पत्र भेजकर कानून व्यवस्था बनाए रखने व बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

**इनका कहना है -**

संयुक्त टीम एक सप्ताह में एयरपोर्ट की संपत्ति कुर्क कर उसके विक्रय से बकाया वसूलेगी।

**प्रशांत अग्रवाल**
**राजनगर एसडीएम**

## मां के लिए दवा लेने गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

**खजुराहो।** थाना क्षेत्र में बीती रात हुए सड़क दुर्घटना में नवयुवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि युवक अपनी बीमार मां के लिए दवा खरीदने गया था और दवा लेकर घर वापिस लौटते वक्त रास्ते में उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक बुरी तरह घायल हुआ था, जिसे गंभीर हालत में ग्वालियर ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खजुराहो के टिकरी पवननगर निवासी रामअवतार अहिरवार ने बताया कि उसका 26 वर्षीय छोटा भाई सुखलाल पुत्र मुन्ना लाल अहिरवार शुक्रवार की शाम को अपनी बाइक से मां के लिए बुखार की दवा लेने खजुराहो गया था। दवा लेकर घर लौटते वक्त एलआईसी कार्यालय के सामने, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल सुखलाल को एंबुलेंस से खजुराहो अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने सिर में चोट के कारण छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सुखलाल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे ग्वालियर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में झांसी के पास उसकी मौत हो गई। शनिवार की सुबह छतरपुर जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया गया है कि सुखलाल अपने घर के पास ही किराना की दुकान चलाता था। उसकी दो साल की एक पुत्री है, जिसके सिर से पिता का साया उठ गया है। खजुराहो थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने बताया कि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकालकर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## हाई वोल्टेज वाली विद्युत लाइन से गिरे आगे के गोले, बुजुर्ग किसान झुलसा

**लवकुशनगर।** थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग किसान अपने खेत पर पंप चलाने के लिए बिजली के तार ठीक कर रहा था, इसी दौरान उसके ऊपर से निकली हाई वोल्टेज विद्युत लाइन से आग के गोले निकलना शुरु हो गए। किसान के ऊपर आग के गोले गिरने से वह बुरी तरह झुलस गया। बुजुर्ग किसान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां वर्न वार्ड में उसका इलाज चल रहा है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक लवकुशनगर के वार्ड नंबर 5 के निवासी 70 वर्षीय कल्लू कुशवाहा विनोद रिछारिया के खेतों को बंटाई पर लिए हुए हैं। शुक्रवार शाम को इसी जमीन की सिंचाई करने के लिए वह विद्युत पंप के तारों को ठीक कर रहे थे। कल्लू के साथ उनका पुत्र लल्लन भी था जो पेड़ पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान अचानक ऊपर से निकली 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन के तार आपस में टकराए और आग के बड़े-बड़े गोलों की बारिश होने लगी। यह आग नीचे खड़े कल्लू के ऊपर गिरी, जिससे उनके कपड़ों ने आग पकड़ ली और वह बुरी तरह झुलस गए। हादसे में कल्लू का करीब 70 फीसदी शरीर जल गया है। किसी तरह आग बुझाकर गंभीर हालत में कल्लू को पहले लवकुशनगर के अस्पताल और इसके बाद जिला अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल जिला अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

### बृजपुरा में हुआ कतकारियों के रास्ते को रोकने का परंपरागत कार्यक्रम

**छतरपुर।** ग्राम पंचायत बृजपुरा के शिव शंकर मंदिर प्रांगण में शनिवार को कतकारियों के रास्ता को रोकने का पारंपरिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं को श्रृंगार सामग्री और फलाहार का वितरण किया गया। चहीं गायक कलाकारों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण श्रद्धामय हो गया। कार्यक्रम में ग्राम की संस्कृति और परंपरा का सुंदर प्रदर्शन हुआ। ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन की सराहना की। सरपंच आदित्य मिश्रा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया तथा सभी श्रद्धालुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राम की परंपराओं को जीवित रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहेंगे।



## देवउठनी ग्यारस पर बाजार में चहल-पहल



### गन्ने की दुकानें सजीं, शुरु हुए मांगलिक कार्यक्रम

**छतरपुर।** शनिवार को देवउठनी एकादशी (ग्यारस) के अवसर पर बाजार में गन्ने और पूजा सामग्री की दुकानें सजीं हुई हैं। अच्छी बारिश के कारण इस साल गन्ने की कीमत नहीं बढ़ी, जिससे ग्राहकों को राहत मिली। इसके साथ ही आज से शादियों जैसे मांगलिक कार्यक्रम भी शुरु हो रहे हैं। बाजार में लोग सुबह से पूजा के लिए गन्ना, फूल, फल और अन्य सामग्री खरीद रहे हैं। दुकानदार रामचरण ने बताया कि आग ग्यारस की पूजा में गन्ना अनिवार्य होता है। इस साल तीन गन्ने 100 रुपये में मिल रहे हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में सस्ते हैं। अच्छी बारिश होने से गन्ने की फसल अच्छी हुई, जिससे कीमतें स्थिर रहीं। वहीं एक ग्राहक ने बताया कि दिवाली के बाद आज बाजार में फिर से भीड़ दिखी। लोग गन्ने के साथ पूजा की अन्य सामग्री जैसे फूल, नारियल, फल और मिठाई खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि आज भगवान विष्णु चार माह के शयन के बाद जागते हैं और विवाह जैसे मांगलिक कार्य आज से शुरू हो जाते हैं। यही कारण है कि त्यौहार के साथ-साथ बाजार में शादी की तैयारियों की चहल-पहल भी देखी जा रही है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान पर चोरों का धावा



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में मऊ दरवाजे के पास स्थित ब्रजेश इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान पर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने दुकान में रखी खाटूश्याम जी की दान पेटी से पैसे और गल्ले से नकदी पार कर दी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी चुरा लिया। दुकान मालिक ब्रजेश अग्रवाल ने बताया कि दुकान में रखी खाटूश्याम जी की दान पेटी के पैसे और दुकान के गल्ले में रखी नकदी सहित करीब 2 लाख रुपए की चोरी हुई है। चोर, दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए हैं। सुबह जानकारी मिलने के बाद ब्रजेश अग्रवाल ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं, और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## खजुराहो की शांति और संस्कृति पर मंडराया खतरा

### सरदार पटेल जयंती पर विशेष बैठक में उठी खजुराहो को बचाने की गूंज

**छतरपुर।** महाराजा छात्रशाल स्मृति शोध संस्थान के तत्वावधान में बीते रोज छतरपुर स्थित बुंदेलखंड मोटर ट्रांसपोर्ट कम्पनी परिसर में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर, खजुराहो के पंडित सुधीर शर्मा ने किया। बैठक की शुरुआत आधुनिक भारत के शिल्पकार और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन समर्पित करने से हुई। उपस्थित जनों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

श्रद्धांजलि के उपरांत सभा का मुख्य विषय खजुराहो में प्रस्तावित मिलिट्री बेस की स्थापना रहा। इस विषय पर उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने गहरी चिंता व्यक्त की। पंडित शर्मा ने कहा कि यदि खजुराहो में सैन्य अड्डे की स्थापना होती है, तो इस क्षेत्र का शांति और सौंदर्य से भरा वातावरण पूरी तरह बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि वायुसेना के विमानों की निरंतर आवाजाही और उनके शोर से खजुराहो के विश्वप्रसिद्ध मंदिरों की पवित्रता, आध्यात्मिकता और आकर्षण प्रभावित होंगे। इससे यहाँ का अंतरराष्ट्रीय पर्यटन, स्थानीय व्यापार और पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से प्रभावित होगा खजुराहो के मंदिर केवल पर्यटन की दृष्टि से नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत के जीवित प्रतीक हैं, जिन्हें यूनेस्को ने विश्व धरोहर के रूप में मान्यता दी है। ऐसे स्थान पर मिलिट्री बेस की स्थापना न केवल सांस्कृतिक असंतुलन पैदा करेगी बल्कि क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय पहचान पर भी गहरा असर डालेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यहाँ का वन्य जीवन, प्राकृतिक वातावरण और अध्यात्म की शांति इस कदम से खतरे में पड़ सकती है।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर इस प्रस्ताव का विरोध किया और निर्णय लिया कि इस मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। सभी ने सहमति से कहा कि एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही रक्षा मंत्री से भेंट करेगा और उन्हें इस समस्या से अवगत कराते हुए आग्रह करेगा कि इस बेस के लिए किसी वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाए, जिससे खजुराहो की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रह सके। इस विशेष बैठक में बुंदेलखंड मोटर ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हर्ष अग्रवाल, पेप्टेक ग्रुप के विनय चौरसिया, महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष राकेश शुक्ला राधे, प्रदीप जैन, सम्यक जैन, ओशो आश्रम खजुराहो के संदीप सोनी तथा परिवर्तन एनजीओ एवं बुंदेलखंड विकास निधि बैंक के प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। बैठक का समापन खजुराहो की रक्षा और संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। सभी ने यह दृढ़ निश्चय व्यक्त किया कि खजुराहो की शांति, संस्कृति और पर्यावरण की पवित्रता को बचाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, जिससे प्रत्येक नागरिक इस आंदोलन का हिस्सा बने और आने वाली पीढ़ियाँ भी इस पवित्र भूमि की आध्यात्मिक विरासत पर गर्व कर सकें।



## मातगुवां में लगा स्तन कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

### डॉ. श्वेता गर्ग ने महिलाओं का परीक्षण कर दिया परामर्श

**छतरपुर।** शनिवार को मातगुवां कस्बे में डॉ. श्वेता गर्ग एवं सान्वी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 126 महिलाओं एवं किशोरियों ने निःशुल्क जांच एवं परामर्श प्राप्त किया। कई महिलाओं ने पहली बार स्तन कैंसर से बचाव के उपायों की जानकारी हासिल की। भारत में स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे सामान्य कैंसर है, जो 40-50 वर्ष की आयु में चरम पर पहुंच जाता है, लेकिन शुरुआती जांच से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। डॉ. श्वेता गर्ग ने बताया कि शिविर का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा स्तन कैंसर की रोकथाम पर जोर देना था। उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे सामान्य कैंसर है, लेकिन शुरुआती अवस्था में पहचान से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। हर महिला को मासिक स्वयं स्तन परीक्षण करना चाहिए तथा 40 वर्ष के बाद हर दो वर्ष में मैमोग्राफी अनिवार्य है। संतुलित आहार, व्यायाम, स्तनपान तथा नशे से दूरी से खतरा कम होता है। शिविर में जागरूकता पंपलेट्स वितरित किए गए तथा सरल बचाव उपाय बताए गए। सान्वी चैरिटेबल फाउंडेशन की टीम ने नियमित जांच, तंबाकू से दूरी तथा संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया। डॉ. श्वेता गर्ग ने कहा हमारा लक्ष्य है कि कोई भी महिला केवल जानकारी के अभाव में अपना जीवन न गंवाए। समय पर जांच ही स्तन कैंसर से सुरक्षा की कुंजी है। भारत में स्तन कैंसर की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जहां जागरूकता की कमी से मृत्यु दर अधिक है, लेकिन शुरुआती जांच से इसे रोका जा सकता है।



## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय जेल में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन संपन्न

**रीवा।** केन्द्रीय जेल में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सामूहिक रूप से मध्यप्रदेश गान एवं जेल में परिरुद्ध बंदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कर्मचारियों द्वारा जेल परिसर स्थित गौशाला एवं जेल बगीचा में कार्य करने वाले बंदियों द्वारा आम, नीम, जामुन, आंवला, नीबू, अमरूद के साथ-साथ अन्य फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र पमार, डॉ. सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, श्याम सिंह कुशवाह, स्वदीप सिंह, विवेक मौर्य सहित जेल में पदस्थ स्टाफ उपस्थित रहा।

### असमय बारिश से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दे सरकार : पंकज सिंह

**रीवा।** प्रदेश भर में किसानों की बदहाली और बढ़ती समस्याओं को लेकर सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पंकज सिंह ने सरकार पर हमला बोला है। पंकज सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के दुख-दर्द से पूरी तरह बेखबर है। सिर्फ घोषणाओं और झूठे वादों के सहारे किसानों की पीड़ा को ढ़का नहीं जा सकता। श्री सिंह ने आरोप लगाया है, कि सरकार और बीमा कंपनियों ने मिलकर किसानों के साथ विश्वासघात किया है। "फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों से करोड़ों रुपये का प्रीमियम वसूला गया, लेकिन जब प्राकृतिक आपदा में फसलें चौपट हुईं, तब किसी को उनका हक नहीं मिला। यह किसानों से लूट है, और सरकार मौन दर्शक बनी बैठी है। वही श्री सिंह ने आगे कहा कि प्रदेश के लगभग हर जिले में किसान बुरी तरह त्रस्त हैं, कभी खाद की किल्लत, कभी सूखा और अब असमय बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में मेहनत करने वाले किसानों की पूरी उपज नष्ट हो गई, लेकिन सरकार अब तक राहत के नाम पर केवल मीटिंगों और घोषणाओं में उलझी हुई है। पंकज सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसानों को तत्काल राहत नहीं दी गई, तो हम किसानों के साथ सड़कों पर उतर कर किसानों की आवाज बुलंद करेंगे। वहीं सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पंकज सिंह ने मांग की है, कि सरकार तत्काल सभी प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दे, बीमा क्लेम का भुगतान सुनिश्चित करे और जिन किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, उनके कर्ज़ माफ किए जाएं। साथ ही सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश का किसान मेहनती और आत्मनिर्भर है, लेकिन सरकार ने उसकी मेहनत को कर्ज़ और निराशा के दलदल में धकेल दिया है। "किसान कोई दान या एहसान नहीं मांग रहा, वह केवल अपने हक़ और न्याय की मांग कर रहा है। अगर सरकार ने अब भी नहीं सुना, तो जनता 2028 में जवाब देगीं। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि मेरे द्वारा खुद सेमरिया विधानसभा क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतो में पहुँचकर किसानों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया गया हैं, किसान खून के आंसू रोने को मजबूर है, इसलिए जब तक हर खेत में मुस्कान नहीं लौटती, तब तक मैं किसानों के साथ मजबूती से खड़ा रहूंगा।

### तीन घंटे देरी से पहुंची बांद्रा-रीवा 9 घंटे देरी से मुंबई पहुंची ट्रेनमहाराष्ट्र रूट पर ट्रेनों की हालत खस्ता

**रीवा।** महाराष्ट्र रूट ट्रेनों की हालत खस्ता है। बांद्रा रीवा और रीवा से मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेने लेटलतीफी शिकार हुई, जिससे यात्रियों को घंटों ट्रेन में ही विताना पड़ा। बांद्रा से रीवा चलने वाली ट्रेन न. 09029 गुरुवार को अपने निधर्धारित समय सुबह 4.30 बजे रवाना हुई थी। ट्रेन खंडवा तक राइट टाइम पर रही, लेकिन इटारसी से जबलपुर के बीच ट्रेन करीब तीन । घटे लेट हुई। ट्रेन अपने निधर्धारित पर से का समय सुबह 7:45 बजे की जगह 11:35 बजे पहुंची। वहीं शुक्रवार को ट्रेन रीवा रेलवे स्टेशन से अपने निर्धारित समय 11 बजे के स्थान पर दोपहर 1:20 बजे रवाना हुई।

# सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी अहंकार नहीं होना चाहिए : उप मुख्यमंत्री

**युवा अपनी ऊर्जा, उत्साह और सोच को सही दिशा में लगाकर देश को ऊंचाईयों तक पहुंचाने का संकल्प लें - थल सेना अध्यक्ष जनरल**

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में युवा अभिप्रेरणा कार्यक्रम संपन्न**





रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज विन्ध्य के गौरव थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी की उपस्थिति में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में आयोजित युवा अभिप्रेरणा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी अहंकार नहीं होना चाहिए। संस्कारवान व्यक्ति के संस्कार उसे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप उत्तरोत्तर प्रगति करें और उच्च पदों पर पहुंचे जिससे देश और प्रदेश में आपका नाम सम्मान से लिया जाय। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि थल सेना अध्यक्ष के रीवा आगमन पर हम सब गौरवान्वित हैं। टीआरएस परिसर में उनके आगमन से उत्साह एवं उमंग का वातावरण है। ऑपरेशन सिंदूर में थल सेना अध्यक्ष व नौसेना प्रमुख देश में हीरों के तौर पर उभर कर आयें हैं। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में उपस्थित जस्टिस व्ही.के. सिंह के मानस पटल पर भी रीवा की स्मृतियाँ सजीव हैं। उप मुख्यमंत्री ने स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय द्वारा किये गये कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति हमारे देश का वर्तमान व भविष्य हैं। इस कार्यक्रम से उन्हें जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा उत्साह और सोच को सही दिशा में लगाकर देश को ऊंचाईयों तक ले जाने का संकल्प लें। अनुशासन और मार्गदर्शन मिलने से हमारे देश की युवा शक्ति भारत को और आगे ले जाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, साहस, स्पष्टपता, साथ मिलकर कार्य करने तथा परिवर्तन ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलता दिलाई। प्रधानमंत्री जी ने सेना को खुली छूट दी और हमने आतंकवाद को समाप्त किया। उन्होंने कहा कि सिंदूर अभियान की लड़ाई सिर्फ सेना ने नहीं बल्कि देशवासियों ने एकता के साथ लड़ी। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि टीआरएस कॉलेज की फुटबाल टीम को देखकर हम लोग के मन में ईर्षा होती थी। हमारे पूज्य पिता जी श्री कृष्ण द्विवेदी ने भी इस ऐतिहासिक महाविद्यालय में अपनी पढ़ाई की थी। इस महाविद्यालय का मेरी परवरिश में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि रीवा में आपसी भाईचारा और सौहार्द बहुत है। यहां सब लोग मिलकर रहते हैं और उनमें अपनत्व बहुत है। उन्होंने कहा कि रीवा की भूमि में अनेकों वीर सपूत दिये हैं जिनमें कई वीरचक्र, शौर्यचक्र एवं अन्य सम्मान प्राप्त योद्धा शामिल हैं। जनरल द्विवेदी ने सभी को मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस की बधाई दी।कार्यक्रम में न्यायमूर्ति व्ही.के. सिंह ने कहा कि विन्ध्य की विभूतियों ने कर्म से महानता अर्जित की है। थल सेना अध्यक्ष व नौसेना प्रमुख एक ही विद्यालय के एक साथ पढ़ने वाले छात्र हैं। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी ने रीवा को विकास के शिखर पर पहुंचाया है। रीवा का भाईचारा यहां की विशेषता है। जो अपनापन यहां है वह अन्य जगह देखने को नहीं मिलता है। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती अर्पिता अवस्थी ने थल सेना अध्यक्ष का शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। थल सेना अध्यक्ष ने महाविद्यालय के प्राचार्य को के-9 बज्र की प्रतिकृति भेंट की। इससे पूर्व थल सेना अध्यक्ष ने ठाकुर रणमत सिंह, शहीद पदमधर सिंह एवं माँ सरस्वती की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र ताम्रकार, डॉ. अमित तिवारी सहित प्राध्यापक, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शिप्रा द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत थल सेना अध्यक्ष ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कैडेट्स से भेंट की।

**विन्ध्यवासी सकारात्मक कार्य करे तो चमत्कार हो जाता है - उप मुख्यमंत्री**

# मध्यप्रदेश अब तेजी से विकास की राह पर चल रहा प्रदेश







रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में कहा कि मध्यप्रदेश अब तेजी से विकास की राह पर चल रहा प्रदेश है। प्रदेश निर्माण का 70वां वर्ष मनाते हुए हम सबको गर्व है। कृषि, उद्योग, अधोसंरचना विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों गरीबों को लाभान्वित किया जा रहा है। एक समय ऐसा भी था जब प्रदेश में बीमारू राज्य का टैग लगा था। प्रदेश में संसाधन, प्राकृतिक संपदा और परिश्रम करने वाले करोड़ों हाथ हैं। सरकार की सही नीतियों और कार्यक्रमों से अब प्रदेश के विकास को पंख लग गए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ विन्ध्य प्रदेश का भी तेजी से विकास हुआ है। यहाँ पहले केवल एक लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा थी। हमने इसे तीन लाख एकड़ तक बढ़ाया है। अगले पाँच सालों में रीवा में नौ लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी। इससे जिले का तेजी से आर्थिक विकास होगा। विन्ध्य के निवासियों का उर्वर मस्तिष्क सकारात्मक दिशा में जब प्रयास कर देता है तो चमत्कार कर देता है। प्रदेश के विकास का हम सिंहावलोकन करते हुए अतीत की गलतियों से सबक लेकर विकास का मार्ग प्रशस्त करें। नई पीढ़ी को नशे की राह से विमुख करना आवश्यक है। नई पीढ़ी यदि नशे की गिरफ्त में चली गई तो विकास के फल का स्वाद नहीं ले पाएगी। रीवा में प्रशासन ने नशे के विरूद्ध सराहनीय अभियान चलाकर 600 से अधिक नशे के सौदागरों को जेल भेजा है। भारी मात्रा में गांजा, कोरेक्स और अन्य मादक पदार्थ जब्त किया है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश स्थापना दिवस समारोह के शुभारंभ पर ध्वजारोहण किया। समारोह में सेंट्रल एकेडमी तथा संदीपनि पीके स्कूल के विद्यार्थियों ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए। समारोह में विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश गान की मधुर प्रस्तुति दी। समारोह में उद्योग विभाग से लाभान्वित पाँच हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। औद्योगिक क्षेत्र घमू में उद्योग की स्थापना के लिए श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, राजकुमार कोरी तथा सुषमा प्रजापति को भूखण्ड आवंटन के आदेश प्रदान किए गए। दीपक कुमार तिवारी और अयाजुद्दीन अंसारी को उद्यम क्रांति योजना से राशि प्रदान की गई। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, नगर निगम, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा वन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक डॉ. पंचूलाल प्रजापति, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीआईजी हेमंत चौहान, जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, राजगोपाल मिश्रचारी, राजेन्द्र ताम्रकार, कौशलेश द्विवेदी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## सामूहिक विवाह समारोह में 105 युगल विवाह बंधन में बंधे, उप मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में नवयुगलों को दी शुभकामनाएं

रीवा ।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह तथा निकाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में 105 युगल विवाह बंधन में बंधे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सामूहिक विवाह समारोह में नवयुगलों को पुष्पवर्षा करके शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देव प्रबोधनी एकादशी के शुभ अवसर पर 105 युगलों का विवाह संपन्न हुआ है। आप सबको देव प्रबोधनी एकादशी और सुखी वैवाहिक जीवन की बधाई है। आज के शुभ दिन एक ही पण्डाल में विवाह और निकाह संपन्न होकर सामाजिक एकता और समरसता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने गरीबों के मन से बेटी की शादी की चिंता मिटा दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार की बेटी को कन्यादान योजना से विवाह के सथ 49 हजार रुपए की राशि नई गृहस्थी बसाने के लिए दी जा रही है। घरातियों-बरातियों के स्वागत, बैण्डबाजे, पण्डाल, नाश्ता, भोजन तथा विवाह की अन्य सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क की गई हैं। उप मुख्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर और तमाम गणमान्य व्यक्ति नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं। आज मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस है। यह आप सबके लिए दोहरी खुशी का अवसर है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि रीवा में चारों ओर विकास होने के साथ-साथ गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज 105 बेटियों का धूमधाम से विवाह संपन्न हो रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। समारोह में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रभारी नगर निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, राजगोपाल मिश्रचारी, सरपंचगण, नगर निगम के पार्षद तथा बड़ी संख्या में वर-वधु के परिजन उपस्थित रहे।

## असमायिक वर्षा से हुई फसल क्षति का सर्वे करें : कलेक्टर

रीवा ।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि विगत दिनों हुई असमायिक वर्षा से हुई फसल क्षति का सर्वे करें। उन्होंने राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित किसानों की उपस्थिति में फसल क्षति का आकलन समयावधि में किये जाने के निर्देश दिये हैं। किये गये सर्वे की जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिये गये।



## शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में दो दिवसीय युवा उत्सव का हुआ शुभारंभ




**मऊगंज।** शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ आज 31 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय सभागार में माँ सरस्वती जी की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड. महेशचन्द्र राल्ही , अध्यक्ष जनभागीदारी समिति - शास. शहीद केदा. महा. मऊगंज, विशिष्ट अतिथि - डॉ. गया प्रसाद मिश्र (पूर्व प्राचार्य ), डॉ. श्रीमोहन त्रिपाठी (पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल) एवं डॉ. भजनराम मौर्य प्राचार्य शास. महा. हनुमना तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. पाण्डेय जी ने किया। युवा उत्सव में होने वाली विभिन्न प्रतियोगीताओं एवं विधाओं के विषय में युवा उत्सव प्रभारी प्रो. अनबर खान ने विस्तार से बताया । कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष एड. राल्ही जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा उत्सव भारतीय संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य करता है । स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.डी. पाण्डेय ने अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए कहा कि हमारे युवा न सिर्फ इस महाविद्यालय में बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच रहे हैं । महाविद्यालय के विद्यार्थी बढ़चढ़ कर युवा उत्सव में भाग ले और आगे बढ़े । कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. एन. पटेल एवं डॉ अवनीश सिंह द्वारा किया गया । युवा उत्सव के प्रथम दिन विभिन्न विधाओं एकल गायन (शास्त्रीय), एकल गायन (सुगम), रंगोली, पोस्टर निर्माण आदि का आयोजन हुआ जिसमें छात्र - छात्राओं ने अत्यधिक उत्साहपूर्वक सहभागिता किया । कल 01 नवंबर 2025 को भी कई विधाओं का आयोजन होना है। विभिन्न विधाओं के आयोजन एवं मूल्यांकन में डॉ. एन.डी. त्रिपाठी, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ. रविशंकर द्विवेदी, डॉ. सतीष कुमार मिश्रा, डॉ. आशीष सोहगौरा, डॉ. सुनीता द्विवेदी, डॉ. तरुणा सिंह, डॉ. विभा सिंह, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. प्रकाश पाण्डेय, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. प्रियंका केशरवानी, डॉ. सुधाकर देव एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारियों ने उपस्थित होकर सहयोग किया ।आज महाविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस भी मनाया गया जिसमें प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई ।

## भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा रहे

## प्रदेश स्थापना दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया

मऊगंज




मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा रहे, जबकि विशेष अतिथि मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर संजय कुमार जैन ने की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और तिरंगे को सलामी देकर हुआ। इसके पश्चात मां सरस्वती और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक प्रदीप पटेल ने मध्यप्रदेश के गठन की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मऊगंज जिला विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।सांसद जनार्दन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश आज विकास के पथ पर अग्रसर है, परंतु समाज में बढ़ता नशा एक गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान केवल प्रशासन या पुलिस नहीं कर सकते, बल्कि समाज और परिवार की संयुक्त जिम्मेदारी है। सांसद ने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ संवाद बढ़ाएं, उन्हें समय दें और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दें।शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए सांसद मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक हैं, और उन्हें छात्रों के प्रति स्नेहपूर्ण व्यवहार रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी नैतिकता और ज्ञान के प्रकाश से आलोकित हो सके।कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की सहभागिता ने इसे और अधिक गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मध्यप्रदेश के उज्जवल भविष्य की कामना की।